# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## जनवरी 2022




नगर पालिक निगम भिलाई

# निराश्रित, बेघर, बेसहारा लोगो के बीच पहुंचकर आयुक्त प्रकाश सर्वे मनाया नववर्ष, आश्रय स्थल में खाद्य सामग्री का किया वितरण

भिलाई नगर/ आज निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे नववर्ष के उपलक्ष्य में गरीब, बेसहारा, बेघर एवं निराश्रित लोगो के बीच पहुंचे, वहां उन्होंने आश्रय स्थल में शरण लिये बुजुर्ग महिलाओ से उनका हाल जाना। आश्रय स्थल में ठहरे हुये व्यक्तियो के बीमारियो का समुचित ईलाज एवं दो वक्त भोजन तथा नाश्ता इत्यादि की सुविधा की जानकारी ली। निगम आयुक्त ने छोटे-छोटे बच्चो, महिलाओ और बुजुर्गो एवं अन्य सभी को ताजे फल एवं अन्य खाद्य सामग्री देने के साथ ही नववर्ष की बधाई दी और बुजुर्गो का आर्शीवाद प्राप्त किया। निगम आयुक्त को अपने बीच पाकर सभी ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए खुशी जाहिर की। निराश्रितो के साथ बैठकर उन्होंने घंटे भर सभी से बात की और आश्रय स्थल में ठहरने के कारण के बारे में भी जानकारी ली। आश्रय स्थल के भूतल एवं प्रथम तल सभी कमरो का आयुक्त ने अवलोकन किया, सभी कक्ष में ठहरे हुए लोगों से मिले। भोजन बनाने की व्यवस्था, शौचालय की साफ सफाई, कमरो की सफाई, पेयजल, बिस्तर की उपलब्धता, कंबल एवं मच्छरदानी जैसे आवश्यकताओ से अवगत हुए। उल्लेखनीय है कि आश्रय स्थल में ऐसे लोग जो पारिवारिक कलह के चलते घरो से निकाल दिये जाते है, जिनके पास रहने का कोई घर एवं ठिकाना नहीं है, जिनके परिवार में भरन पोषण के लिये कोई नहीं है। इस प्रकार के लोग आश्रय स्थल में निवास करते है। लाॅकडाउन के समय में निगम ने अभियान चलाकर ऐसे व्यक्तियों को तलाशकर उन्हें आश्रय स्थल में पनाह दी है। वर्तमान में 47 लोग प्रियदर्शनी परिसर स्थित आश्रय स्थल में निवासरत है। इसके अलावा छोटे-छोटे बच्चे भी परिवार में शामिल है।





नगर पालिक निगम भिलाई

# महापौर नीरज पाल ने शहर को दी सौगात, भिलाई को मिला एक और सस्ती दवाई के लिए मेडिकल स्टोर

भिलाईनगर/ महापौर नीरज पाल ने शहर को आज सौगात दी है, उन्होंने धनवंतरी मेडिकल स्टोर का आज शुभारंभ किया। इसी के साथ ही भिलाई शहर में अब चार जेनेरिक मेडिकल स्टोर हो गये है। महापौर ने शुभारंभ करते ही मेडिकल से मल्टी विटामीन दवाईयां खरीदी और पैसे देकर पहले ग्राहक बन गये। शुभारंभ के अवसर पर आयुक्त प्रकाश सर्वे, सभापति गिरवर बंटी साहू एवं अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, प्रभारी अधीक्षण अभियंता दीपक कुमार जोशी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इससे पूर्व शहर में सुभाष मार्केट मेडिकल लाईन, भगवा चौक कुरूद एवं महिला मदर्स मार्केट पावर हाउस में जेनेरिक मेडिकल स्टोर का शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के द्वारा वर्चुवल किया जा चुका है। शुभारंभ के अवसर पर महापौर परिषद के सदस्य एकांश बंछोर, संदीप निरंकारी, लालचंद वर्मा, आदित्य सिंह, नेहा साहू, मन्नान गफफार खान, रिता सिंह गेरा, मदर टेरेसा नगर जोन अध्यक्ष संतोषनाथ सिंह जालंधर, पार्षद सत्यादेवी जायसवाल एवं इंजीनियर महापौर नीरज पाल मेडिकल के शुभारंभ के बाद 10 बिस्तर बैकुंठधाम अस्पताल पहुंचे, साथ में एमआईसी सदस्य भी उपस्थित रहे। इस पर डाॅ. सिन्हा ने कोविड से लड़ने के लिये सभी पुख्ता इंतजाम होने की जानकारी दी। महापौर ने नजदीक में ही श्री धनवंतरी योजना के शुभारंभ होने की जानकारी देते हुये कहा कि सस्ती और उच्च गुणवत्ता की दवाई प्राप्त करने के लिये श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर में दवाईयां खरीदने के लिये अस्पताल में आने वाले लोगों को प्रेरित करे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को योजना से लाभान्वित किया जा सके।



# सुपेला शीतला तालाब के सौंदर्यीकरण एवं विकास के लिए अन्य जरूरी कार्यों के स्लो प्रोग्रेस पर महापौर नीरज पाल ने जताई नाराजगी

भिलाई नगर/ महापौर नीरज पाल सभी 70 वार्डों के विकास के लिए लगातार अधिकारियों की बैठक ले रहे हैं। विगत 2 दिनों से वह जोन क्रमांक 3, 4 एवं 5 के अधिकारियों की बैठक ले चुके हैं। उन्होंने आज नेहरू नगर जोन क्रमांक 1 के अधिकारियों की बैठक ली। काफी लंबे समय से सुपेला शीतला तालाब के अटके हुए काम को लेकर नेहरू नगर के कार्यपालन अभियंता पर नाराजगी जताई। महापौर ने कहा कि सुपेला शीतला तालाब शहर का प्रमुख तालाब है। शहर विकास के लिए इस प्रकार की लापरवाही नहीं चलेगी। उन्होंने शीघ्र कार्य प्रारंभ कराकर पूर्ण करने के निर्देश दिए। वही हुडको में 17 लाख की लागत से होने वाले डामरीकरण की धीमी गति को लेकर भी नाराज हुए और कार्य जल्द पूर्ण करने कहा। उल्लेखनीय है कि तकरीबन 88 लाख की लागत से सुपेला शीतला तालाब का सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य होना है। लेकिन काफी समय से तालाब में विकास कार्य रुका हुआ है। इसके अतिरिक्त बैठक में वार्ड क्रमांक 5 पीली मिट्टी चौक में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने, प्रियदर्शनी परिसर में अग्रवाल भवन के पीछे लॉन टेनिस एवं वॉलीबॉल कोर्ट निर्माण कार्य फरवरी के प्रथम सप्ताह में पूर्ण करने, बीएसपी से अनापत्ति के अभाव में रुके हुए कार्यों की सूची प्रदान करने, नेहरू नगर जोन अंतर्गत उद्यानों का सौंदर्यीकरण, हुडको कालीबाड़ी डोम शेड का कार्य प्रारंभ करने, पेवर ब्लॉक लगाने में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने, सहस्त्रबाहु उद्यान में सौंदर्यीकरण कार्य को फरवरी माह के अंत तक पूर्ण करने, कर्मा भवन में डोम शेड कार्य को अति शीघ्र पुनः निविदा करने तथा वार्ड क्रमांक 5 लक्ष्मी नगर राजीव चौक के पास भवन निर्माण कार्य 2 दिनों के भीतर प्रारंभ करने के निर्देश महापौर ने बैठक में दिए हैं।



# गणतंत्र दिवस के अवसर पर महापौर नीरज पाल ने भिलाई निगम के मुख्यालय में किया ध्वजारोहण, शान से लहराया तिरंगा

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय सहित अनुविभाग कार्यालयों में उत्साह के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। मुख्य कार्यालय में प्रातः 8:00 बजे ध्वजारोहण महापौर नीरज पाल ने किया। इससे पूर्व भारत माता के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण किया गया। ध्वजारोहण पश्चात राष्ट्रगान हुआ। इस अवसर पर निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे, सभापति गिरवर बंटी साहू, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, अधीक्षण अभियंता यूके धलेंद्र, मीरा बंजारे, आदित्य सिंह, मालती ठाकुर, नेहा साहू, रीता सिंह गेरा मौजूद रहे। महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त प्रकाश सर्वे और सभापति गिरवर बंटी साहू ने गणतंत्र दिवस की सभी को शुभकामनाएं दी। विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल ने शहीद गार्डन सेक्टर 5 पहुंचकर ध्वजारोहण किया। प्रात: से ही देश भक्ति गीत से गार्डन गूंज रहा था, गार्डन में घूमने आने वाले परिवारों ने भी ध्वजारोहण में हिस्सा लिया और उत्साह के साथ गणतंत्र दिवस की एक दूसरे को बधाई दी। उत्कृष्ट कार्यो के लिए इन कर्मचारियों को महापौर ने किया सम्मानित अलग-अलग क्षेत्रों में अच्छा कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर महापौर नीरज पाल, आयुक्त प्रकाश सर्वे, सभापति गिरवर बंटी साहू, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी तथा उपायुक्त सुनील अग्रहरि ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वही समाज कल्याण विभाग की योजना के तहत एक दिव्यांग को ट्राइसाइकिल प्रदान किया गया। अधिकारी/कर्मचारियों में सम्मान प्राप्त करने वालों में उपायुक्त सुनील अग्रहरि, जोन आयुक्त पूजा पिल्ले, अमिताभ शर्मा, प्रीति सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा, कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा, सहायक अभियंता सुनील दुबे, भवन अधिकारी हिमांशु देशमुख, उप अभियंता सिद्धार्थ साहू, सचिव जीवन लाल वर्मा, अधीक्षक तुलसी वृन्दा देवांगन, सहा.ग्रेड.02 रीता चतुर्वेदी, सहा.ग्रेड.02 बीएल कोसरे, सहा.ग्रेड.02 नसरूननिशा, डाटा एंट्री आपरेटर ओंकार यादव, डाटा एंट्री आपरेटर मीना मानकर, प्रभारी लिपिक संतोष पाण्डे, प्रभारी लिपिक दिनेश बेलचंदन, सहा.ग्रेड.02 नरेन्द्र कुमार रामटेके, डाटा एंट्री आपरेटर राजकुमार सच्चर, सहा.ग्रेड.02 अजय शुक्ला, सहा.ग्रेड.02 संध्या कोरडे, सर्वेयर सुनील निमाड़े, दफतरी ईश्वर चन्द्राकर, स्वच्छता निरीक्षक फणीन्द्र बोस, सामुदायिक संगठिका सुलोचना धनकर, सामुदायिक संगठिका रश्मि त्रिपाठी, सामुदायिक संगठिका रमा शर्मा, कंप्यूटर आपरेटर प्रज्ञा ठाकुर, कंप्यूटर आपरेटर गजेन्द्र कुमार, कंप्यूटर आपरेटर भानूप्रताप, कंप्यूटर आपरेटर सुदेश दास मानिकपुरी, कंप्यूटर आपरेटर रतन पात्रो, कंप्यूटर आपरेटर मुकेश चैबे, कंप्यूटर आपरेटर डागेन्द्र कुमार, कंप्यूटर आपरेटर पोषण लाल जंघेल, कंप्यूटर आपरेटर राजेश हियान, कंप्यूटर आपरेटर योगेश वर्मा, कंप्यूटर आपरेटर गंगेश्वर साहू, कंप्यूटर आपरेटर भूपेन्द्र साहू, कंप्यूटर आपरेटर संदीप नायक, कंप्यूटर आपरेटर प्रमोद मानिकपुरी, उपअभियंता अर्पित बंजारे, सहा.रा.नि. मलखान सिंह शोरी, सहा.ग्रेड.02 भूपेश्वर देशमुख, उपअभियंता मो. वसीम खान, उपअभियंता श्वेता महिश्वर, सहा. रा. नि. शशांक शेखर सिंह, स्वच्छता पर्यवेक्षक हेमंत मांझी, प्र.जोन स्वास्थ्य अधिकारी महेश पाण्डेय, प्र.जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, प्र.जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, पीएमयू हरिश ठाकुर, पीआईयू अभिनव ठोकने, पीआईयू शुभम पाटनी शामिल रहे।




# राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयुक्त के साथ निगम कर्मचारियों ने लिया शपथ

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के अधिकारी/कर्मचारियों ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर निगम कार्यालय में शपथ लिया। शपथ ग्रहण करने निगम के प्रत्येक विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निवार्चन की गरिमा अक्षुण्ण रखने, निर्भिक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निवार्चनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे के साथ निगम के अधिकारी/कर्मचारियों ने शपथ ली। इस अवसर पर स्थापना विभाग, लेखा विभाग, स्टेनो कक्ष, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जनसंपर्क विभाग, जनगणना विभाग, भवन अनुज्ञा विभाग, काउंटर सेक्शन, राजस्व विभाग, समाज कल्याण विभाग, संपत्तिकर विभाग। सहित अन्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।



# जोन अध्यक्षो ने पदभार किया ग्रहण, विधायक देवेन्द्र यादव एवं महापौर नीरज पाल रहे मौजूद

भिलाईनगर। आज निगम के विभिन्न जोन कार्यालयो में विधायक देवेन्द्र यादव एवं महापौर नीरज पाल की उपस्थिति में जोन समिति के अध्यक्षो ने पदभार ग्रहण किया और अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए आज से कुर्सी संभालते हुए काम प्रारंभ कर दिया। जोन 01 नेहरू नगर में सर्वप्रथम सभापति एवं जोन अध्यक्ष गिरवर बंटी साहू को उनके कक्ष में विधायक और महापौर ने पदभार ग्रहण करवाकर बधाई और शुभकामनाएं दी। इस दौरान गौठान एवं तालाब विकास पर भी विधायक ने चर्चा की। जोन 02 वैशाली नगर के जोन समिति के अध्यक्ष रामानंद मौर्या एवं शिवाजी नगर जोन 04 के जोन समिति के अध्यक्ष भूपेन्द्र यादव ने भी आज पदभार ग्रहण किया। वहीं जोन 03 मदर टेरेसा नगर जोन समिति के अध्यक्ष संतोषनाथ सिंह जालंधर एवं जोन 05 सेक्टर 06 के जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी महापौर की उपस्थिति में पदभार ग्रहण कर चुके है। इस दौरान अंतावसायी सहकारी समिति एवं वित्त विकास निगम की उपाध्यक्ष नीता लोधी, मुकेश चंद्राकर, महापौर परिषद के सदस्य एकांश बंछोर, संदीप निरंकारी, केशव चौबे, लालचंद वर्मा, सीजू एंथोनी, लक्ष्मीपति राजू, साकेत चंद्राकर, चंद्रशेखर गवई, मीरा बंजारे, आदित्य सिंह, नेहा साहू,मन्नान गफ्फार खान एवं रीता सिंह गेरा, पार्षद महेश वर्मा, भोजराज सिन्हा, रानू साहू, हरिओम तिवारी, अंजु सिंहा, अभिषेक मिश्रा, नितेश यादव, शारदा राय, उषा शर्मा, नोमिन साहू, साधना सिंह, के जगदीश कुमार, शुभम झा, एम लक्ष्मी गोपाल, डी सुजाता, मीरा बंजारे, सेवन कुमार, अभय कुमार सोनी, कोमल दास टंडन, भगवती शर्मा एवं उमेश साहू सहित अन्य मौजूद रहे।



# निगमायुक्त प्रकाश सर्वे के रेगुलर मार्निंग विजिट से सफाई व्यवस्था में आया सुधार

भिलाईनगर/ निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे भिलाई के कोने-कोने में पहुंचकर सफाई व्यवस्था का जायजा मॉर्निंग विजिट के दौरान ले रहे है। जिससे सफाई व्यवस्था में सुधार हो रहा है। सफाई कर्मचारी भी समय पर उपस्थित होकर अपने कार्यो को अंजाम दे रहे है। आयुक्त अचानक कहीं भी किसी भी क्षेत्र में पहुंच रहे है, सफाई और पानी का सघन और तंग गलियों में दौरा कर जायजा ले रहे है। इस दौरान वे लोगो से फीडबैक भी ले रहे है, जहां कहीं शिकायत प्राप्त होती है उनका वे त्वरित समाधान करने अधिकारियों को निर्देशित कर रहे है। आज आयुक्त् ने संजय नगर सुपेला के कई अंदरूनी बस्ती में सफाई एवं पेयजल का जायजा लिया। उन्होंने नाली सफाई भी देखी और सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी का भी अवलोकन किया। आयुक्त के अचानक दौरे को लेकर निचले स्तर से लेकर अधिकारी लेवल में भी सर्तकता नजर आ रही है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 को लेकर आयुक्त डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का जायजा ले रहे है, वहीं उन्होंने सूखा एवं गीला कचरा अलग-अलग देने की अपील भी की है। मॉनिंग विजिट करने से एक प्रकार से सफाई कर्मचारियों का मनोबल भी उंचा हो रहा है और सफाई में तेजी आ रही है।



## राजस्व प्रभारी सीजू एंथोनी ने ली विभाग की बैठक, शासन की महत्वकांक्षी योजना पर अमल करने पर जोर

भिलाई नगर/ आज राजस्व विभाग के प्रभारी सीजू एंथोनी ने विभाग की बैठक ली। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि शासन की महत्वकांक्षी योजना जो राजस्व विभाग से जुड़ी हुई है इस पर प्रमुखता से कार्य करें। छत्तीसगढ़ शासन के माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा अनुरूप विभाग में संचालित योजनाओं में तीव्रता लाए, ताकि आमजन को अनावश्यक ऐसे कार्यो के लिए भटकना न पड़े। लीज होल्ड, फ्री होल्ड पर भी उन्होंने तेजी लाने कहा है। इसके अलावा राजस्व वसूली की समीक्षा उन्होंने की। राजस्व वसूली पर उन्होंने कहा कि 31 मार्च 2022 तक शत-प्रतिशत वसूली लक्ष्य के अनुरूप होनी चाहिए, इसके लिए अभी से कार्य करना प्रारंभ कर दें। निगम क्षेत्र अंतर्गत अवैध निर्माण को रोकने ठोस कदम उठाने राजस्व प्रभारी ने कहा है और ऐसे लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही करने भी बैठक में सहमति बनी। वर्ष 2021-22 की वसूली की उन्होंने समीक्षा की। निगम प्रशासन करदाताओं से अपील करती है कि समय पर अपना टैक्स जमा कर दें और अतिरिक्त अधिभार देने से बचें।



**Editorial Board**

श्री प्रकाश कुमार सर्वे
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री पी.सी सार्वा
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई